सार-समाचार

रोजगार सहायता शिविर का अवलोकन

बून्दी (निसं)। एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन मंगलवार को होटल शगुन, पावर हाउस के सामने, नैनवां रोड़ में किया गया। इस दौरान रोजगार सहायता शिविर का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस दौरान शिविर में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने रोजगार सहायता शिविर का अवलोकन एवं निरीक्षण करते हुए नियोक्ताओं के स्टाल पर जाकर नियुक्ति प्रक्रिया, वेतन और नियुक्ति की संख्याओं की जानकारी ली। जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि इस शिविर में अडाणी विल्मार लिमिटेड बून्दी, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड बून्दी, वरूण बेवरेज कापरेन, नवभारत फर्टीलाईजर लिमिटेड जयपुर, श्री शंकर गौरी ऐग्रो प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड बून्दी, जतिन टेक इन्डस्ट्रीज बून्दी सहित कुल 19 संस्थाओं ने शिविर में भाग लिया। उन्होने बताया कि संस्थानों द्वारा नियोजन के लिए 210, स्वनियोजन के लिए 76 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया एवं इसके अतिरिक्त राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम, बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, एवं प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र द्वारा कुल 82 आशार्थियों का चयन प्रशिक्षण के लिए किया गया। शिविर में लगभग 500 से 600 आशार्थियों ने भाग लिया। इस मेले के प्रारंभिक सत्र का निरीक्षण में सभापति सरोज अग्रवाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेन्द्र व्यास, ओम गोस्वामी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक विकास यादव भी मौजूद रहे।

नवल सागर झील दीपों से जगमगा उठी

बूंदी (निसं)। बूंदी महोत्सव-2024 के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को बूंदी की नवल सागर झील में दीपदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। दीपदान के बाद नवल सागर झील दीपों से जगमगा उठी। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, विधायक हरिमोहन शर्मा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर, जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा सहित विदेशी सैलानियों ने गंगा मां की आरती उतारी और झील में दीपदान किया। इसके बाद शहरवासियों ने भी झील में दीपदान किया। इससे पहले कलाकारों ने कच्छी घोडी नृत्य तथा अलगोजावादन की शानदार प्रस्तुतियां दी। साथ ही लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, पर्यटन विभाग कोटा उपनिदेशक विकास पांड्या,पंडित ज्योतिशंकर शर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी, निर्मल मालव, नुपुर मालव, केसी वर्मा, पुरूषोत्तम पारीक, अशोक तलवास भी मौजूद रहे।

थर्मल कर्मचारियों की समस्याएं जानी

छबड़ा (निसं)। केंद्रीय संयुक्त संघर्ष समिति कोटा थर्मल एवं छबड़ा थर्मल के अधिकारी, कर्मचारियों के बुलावे पर प्रतापगढ़ के धारियाबाद विधायक थावरचंद मीना ने मंगलवार को थर्मल पॉवर प्लांट में पहुंचकर जेवी के विरोध में लगातार 30 दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन के बारे में जानकारी प्राप्त ली। यहां अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने संयोजक राकेश गुप्ता के नेतृत्व में विधायक को ज्वाइंट वेंचर के विरोध में ज्ञापन सौंपा। विधायक ने संघर्ष समिति पदाधिकारियों के साथ ली लगभग 30 मिनट की बैठक में कर्मचारियों की ज्वाइंट वेंचर से हो रही हानि पर चिंता व्यक्त करते हुए राजस्थान विधानसभा में मजबूती से इस मुद्दे को उठाने का आश्वाशन दिया। संयोजक गुप्ता ने ज्वाइंट वेंचर के विरोध में राजस्थान के थर्मलो में लगभग एक महीने से आंदोलन चलने के पश्चात भी विपक्ष के मुखर नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। इस पर विधायक ने उत्पादन विभाग में ज्वाइंट वेंचर कार्यक्रम से कर्मचारियों एवं आमजनता को भविष्य में हो रहे नुकसान को लेकर सरकार को पत्र लिखकर एवं विधासभा में मुखर होकर आवाज उठाने का भरोसा दिया।

अमृता हाट मेला का आगाज आज

बूंदी (निसं)। बून्दी महोत्सव के तहत चल रहे बून्दी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला 2024 तथा जिला स्तरीय अमृता हाट का उद्घाटन अक्षय गोदारा, जिला कलेक्टर महोदय द्वारा आज दोपहर तीन बजे किया जावेगा। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक संजय भारद्वाज तथा महिला अधिकारिता के सहायक निदेशक भैरूप्रकाश नागर ने बताया कि मेले में आर्टिफिशयल ज्वैलरी, लाख की चुडियॉ, जर्मन केमिकल, लकडी के खिलोने, बलेक टेराकोट, मार्बल आयटम, कढ़ाईदार ड्रेस, कोटा डोरिया, पुजन पोशाक सामग्री, पर्दे-पर्स, पायदान, नमडे बेडशीट, शॉल, जुतिया लेदर एवं रेगजीन उत्पाद बधेज, लहरियॉ, हर्बल एवं आयुर्वेदिक उत्पाद, अचार मुरब्बा पापड़, मंगोडी, मसाले, नमकीन, रेडिमेड गारमेन्ट, घरेलू उपयोग सामग्री एवं अन्य हेण्डीग्राफ्ट उत्पाद उचित दर पर खरिदे जा सकते है। खान-पान, जुले, सांस्कृतिक कार्यक्रम मनोरंजन इत्यादिक मेले के मुख्य आकर्षण होंगे। मेले में नवाचार हेतु शिल्पग्राम बनवाया गया है। जिसमें लोगो को ग्रामीण परिवेश से रूबरू करवाया जावेगा।

जिला कारागृह का निरीक्षण किया

बून्दी (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जिला कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, सी.सी.टी.वी. विंग, टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी, स्नानघर, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही एक-एक विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। बन्दियों को नि:शुल्क विधिक सहायता व बन्दियों के विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपाधीक्षक जिला कारागृह मानसिंह बारेठ, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेन्द्र कुमार शर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल हर्षवर्धन सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

करंट लगने श्रमिक की मौत

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके में नींव की खुदाई करते समय करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक यूआईटी ठेकेदार के पास काम करता था। गोबरिया बावडी इलाके में नींव की खुदाई की जा रही थी। नींव में पानी भरा हुआ था जिससे मोटर लगाकर पानी बाहर निकाला जा रहा था मोटर वॉयर पानी के संपर्क में आने से अर्थ हुआ जिससे श्रमिक हरीश करंट के चपेट में आ गया। जिसे अचेत अवस्था में एमबीएस लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर परिजनों से ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये मुआवजा देने की मांग पर अड़ गये। सूचना पर अनंतपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनो से समझाईश की। अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि इलाके में प्लाट की नीवं खुदाई के दौरान पानी भर गया था मोटर से पानी निकालते समय करंट लगने से बारां हाल कंसुआ निवासी हरीश बैरवा (25) की मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजन एवं ठेकेदार के बीच में मुआवजे को लेकर समझौता हो गया।

चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नांता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध तेज धारदार हथियार चाकू सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। नांता थाने के उपनिरीक्षक थाना अधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुन्हाड़ी से बूंदी की ओर जाने वाली रोड़ पर एक व्यक्ति खड़ा है जिसके पास अवैध हथियार चाकू है। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचे जहां सड़क पर खड़े एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से तेज धारदार बटनदार चाकू मिला। थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि मामले में आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए बरुंधन निवासी दीपक मेहरा (24) को गिरफ्तार किया।

क्रेन अनियंत्रित होकर दुकान के छज्जे से टकराई, बड़ा हादसा टला

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा इलाके के एरोड्राम चौराहे के समीप एक क्रेन अनियंत्रित होकर दुकान के छज्जे से टकरा गई। गनीमत रही जिस समय ये हादसा हुआ उस समय छज्जे की नीचे कोई मौजूद नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने बताया कि एरोड्राम से छावनी की और जाते समय क्रेन का आगे का हिस्सा एक दुकान के छज्जे से टकरा गया जिससे वहां खडी तीन बाईक और एक ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की चपेट में आने से ऑटो महिला चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिससे गंभीर घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया मौके से क्रेन को जब्त कर लिया गया है।

बूंदी महोत्सव पर नवल सागर झील किनारे सांस्कृतिक संध्या हुई

बूंदी (निसं)। बूंदी महोत्सव, 2024 के पहले दिन दिनभर हुए विविध रंगारंग कार्यक्रमों के बाद शाम को नवल सागर झील किनारे पार्क के मैदान पर रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। लोक कलाकारों ने लोकगीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब भायीं और प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी।

कार्यक्रम में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला,जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा , जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा, न्यायाधीश

■ कलाकारों की प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बजी

बूंदी महोत्सव के विविध रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

एमएसीटी नम्बर 1 अर्चना मिश्रा, न्यायाधीश एमएसीटी नम्बर 2 नीरजा दाधीच, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सुमन गुप्ता, विशेष न्यायाधीश पोक्सो मामले संख्या एक सलीम बदर, विशेष न्यायाधीश पोक्सो संख्या 2 मामले बाल कृष्ण मिश्रा, न्यायाधीश एससी एवं एसटी (पीए) मामले संजय कुमार गुप्ता, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, सीईओ रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, सीजे एवं जेएम आदित्य वशिष्ठ, एसीजे और जेएम नंबर 1 सिद्धांत सक्सेना, एसीजे और जेएम नम्बर 2 यशस्वी शर्मा, एसीजे और जेएम नम्बर 3 वृष्टि विज, एडीजे नम्बर 1 विवेक शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, पर्यटन विभाग कोटा उपनिदेशक विकास पांड्या, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी, नुपुर मालव, निर्मल मालव, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा, इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, पुरूषोत्तम लाल पारीक, अशोक शर्मा, केसी वर्मा ने शिरकत की।

कार्यक्रम में करवर के हरिशंकर नागर ने कच्ची घोडी और कुंभलगढ के धनदास ने तेरहताली नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। किशनगढ अजमेर की नेहा ने चरी-घूमर, गुजरात के नितिन भाई दवे ने गरबा रास नृत्य, कोटा की बरखा जोशी ने कत्थक, कोटा के धन्नालाल मीणा ने भवाई नृत्य, गुजरात के कलपेश राठवा ने राठावा नृत्य, अलवर के जूम्मा खां ने भपंग वादन, बाडमेर की लीला देवी ने कालबेलिया, हरियाणा के संदीप शर्मा ने घूमर नृत्य तथा गोवर्धन की सोनिया सैनी ने मयूर नृत्य प्रस्तुति से माहौल कृष्ण भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नीता डांगी व ऋचा पानेरी ने किया।

एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया

छबड़ा (निसं)। उपजिला चिकित्सालय निर्माण को लेकर हुई प्रशासनिक अनुशंषा के बाद विरोध के स्वर उठने लग गए हैं। मंगलवार को यहां के विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से एसडीएम को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्यमंत्री, मुख्य सचिव व जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर विरोध प्रकट किया। यहां कपडा व्यापार संघ के अध्यक्ष राकेश जैन, सचिव विवेक माहेश्वरी, खाद्य एवं किराना व्यापार संघ के सौरभ जैन, रामस्वरुप गर्ग, सराफा व्यापार संघ के अध्यक्ष हितेश सोनी, सचिव हितेंद्र सोनी, छबडा अभिभाषक परिषद की ओर से सचिव संदीप सोलंकी, वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज माहेश्वरी, दिनेश चौरसिया एवं नवयुवक रामलीला मंडल छबडा की ओर से अभिषेक भार्गव एवं आशीष पाटनी, केशव सोनी आदि संगठनों के पदाधिकारियों ने एक स्वर में उपजिला चिकित्सालय निर्माण के लिए कटिखंडी के स्थान का विरोध किया तथा अन्य स्थान पर चिकित्सालय बनाए जाने का आग्रह किया।

जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

झालावाड़ (निसं)। जल जीवन मिशन अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में जिला परिषद् के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने उपस्थित समस्त विकास अधिकारियों से कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्य समस्त कार्य ग्राम पंचायतों को स्थानांतरित किए जाएंगे। इसलिए सभी विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी रखें एवं उनकी मॉनिटरिंग भी करें।

उन्होंने कहा कि जिस गांव में हर घर में नल कनेक्शन हो जाता है संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा कार्य पूर्णता का प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जिस गांव में कार्य पूर्ण हो गया है उसका प्रमाण-

■ जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक हुई

पत्र जारी हो चुका हो।

जिला कलक्टर ने सभी विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के कार्यों से उनके क्षेत्र में सड़क, खुरंजों आदि में हुई टूट-फूट की मरम्मत संबंधित ठेकेदार द्वारा की गई है या नहीं इसकी जांच करें एवं मरम्मत से शेष रहने वाले कार्यों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं।

जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता (परियोजना) को आगामी मार्च 2025 तक जल जीवन के कार्यों को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त समयावधि तक लक्ष्य अनुसार सभी घरों में टेप कनेक्शन होकर जलापूर्ति हो यह सुनिश्चित करें।

इस दौरान जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्यानुसार जिले में कुल 256306 टेप कनेक्शन किए जाने हैं जिसके विरूद्ध अब तक 180997 टेप कनेक्शन हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में जिले के राजकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत भवनों में नल कनेक्शन एवं रोड़ कटिंग के पश्चात् मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता वीसी गोयल, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता (परियोजना) दीपक कुमार झा सहित सभी विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

थर्मल कर्मियों ने निजीकरण के खिलाफ मशाल जलाई

छबड़ा (निसं)। ज्वाइंट वेंचर रुपी निजीकरण के विरोध में लगभग एक महीने से चल रहे विरोध प्रदर्शन को जारी रखते हुए छबड़ा थर्मल प्लांट की आवासीय कालोनी में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मशाल जलाई तथा अपने परिवार सहित कॉलोनी से बांकेबिहारी चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला ओर अंत में चौराहे पर मोमबत्तियां जला कर मार्च का समापन किया। छबड़ा थर्मल की संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले थर्मल कर्मियों ने बांकेबिहारी चौराहे पर ज्वाइंट वेंचर के विरोध में जम कर नारेबाजी की और आम जनता जो ज्वाइंट वेंचर से होने वाले नुकसान बताए। निजीकरण की इस आग में छबड़ा की आम जनता भी चपेट आ रही है। प्लांट में कार्यंत मजदूरों को गलतफहमी हो रही है कि आने वाली ज्वाइंट वेंचर की कंपनी उन्हें ज्यादा तनख्वाह पर रखेगी जो की सरासर झूठी अफवाह है। आने वाली निजी कंपनी अपने फायदे के लिए मजदूरों में कटौती भी कर सकती हैए जिससे की कंपनी को मुनाफा हो परंतु आम आदमी के रोजगार पर खतरा मंडराएगा। उत्पादन निगम के सभी प्लांटों में चल रहे इस विरोध प्रदर्शन ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को भी दो बार ज्ञापन दे कर इस ज्वाइंट वेंचर का विरोध दर्ज करवाया है और उनसे निवेदन किया है कि छबडा थर्मल के प्लांटों में हो रहे निजीकरण के खिलाफ वो भी सरकार से बात करे। सरकार का इन प्लांटों को घाटे में दिखाकर निजीकरण करना समझ से परे हैं। अगर इस तरह सरकारी उपक्रमों का निजीकरण होता गया तो आने वाले समय में सरकारी संस्थाओं का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। सरकार को समझना होगा कि बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता निजी हाथों में जाने से आने वाली निजी कंपनी की मनमानी होगी जिसका खामियाजा बिजली की दर बढने में देखा जाएगा।

स्कूल में व्याप्त अव्यस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, ज्ञापन दिया

छबड़ा (निसं) शिक्षा के मंदिरों में व्याप्त समस्याओ के कारण अभिभावक अपने बच्चो के भविष्य को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे है। भीलवाडानीचा के ग्रामीणों ने मंगलवार को सीबीईओ को ज्ञापन देकर व्यवस्थाओ में सुधार की मांग की।

पूर्व जिला परिषद सदस्य संग्रामसिंह मीणा, भारतीय किसान संघ उपाध्यक्ष घनश्याम मीणा, वार्ड पंच रुपसिंह मीणा, छीतरलाल मीणा, ब्रजमोहन शर्मा, ब्रजमोहन मीणा, श्यामलाल मीणा, रिंकू सुमन आदि द्वारा दिये ज्ञापन में बताया कि पिछले 15 वर्षों से गांव में संचालित स्कूल के इसी वर्ष के दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में 29 में से 9 ही विद्यार्थी उत्तीर्ण हो सके। जो स्कूल की गिरती हुई शैक्षणिक स्थिति को दर्शाता है, जो एक चिंता का विषय भी है। जबकि कक्षा 11वी में 4 बच्चे व कक्षा12 में एक भी छात्र नही है। पिछले कई वर्षों से यहां के विद्यार्थी अन्यत्र

■ सीबीईओ को ज्ञापन देकर व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की

पलायन करने को मजबूर है। स्कूल की शैक्षिक गतिविधियां भी कमजोर है। यहां न कोई प्रभावी वंदना ओर न ही कम्प्यूटरो का संचालन होता है। वही स्कूल के खेल मैदान का लाभ भी छात्रों को नही मिल रहा है। स्कूल की एसडीएमएस व एसएमसी सदस्य अधिकांश अनुपस्थित रहते है। स्टॉफ भी समय पर नही आता। बच्चो को मेन्यू अनुसार भी पोषाहार नही दिया जाता, जिसमे स्वच्छता का ध्यान भी नही रखा जाता। ज्ञापन में शीघ्र ही उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की अन्यथा ग्रामीण व अभिभावकों ने आंदोलन की चेतावनी दी। इस मामले में सीबीईओ ओमप्रकाश गालव के अनुसार मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

मीठी मनुहार से विदेशी पावणे अभिभूत हुए

बूंदी (निसं)। बूंदी महोत्सव के दूसरे दिन भी विविध मनोहारी कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। सुखमहल में सुरम्य प्राकृतिक छटा के बीच देशी विदेशी पावणों की देशी व्यंजनों से मनुहार की गई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी शिवजीराज जाट, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर, नूपुर मालव निर्मल मालव, गाइड अश्विनी कुक्की पेनसु सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मेहमानों की खातिरदारी करते हुए उन्हें हाडौती के पसंदीदा व्यंजन कत्त बाफले से सत्कार किया।

कार्यक्रमें पावणों को साफे बांधे गए। तिलक किया। पर्यटकों को रोली अक्षत का टीका किया और रक्षा सूत्र बांधे। संस्कृति संस्था की ओर से शालिनी विजय एवं सहयोगी सदस्यों ने विदेशी सैलानियों का स्वागत किया। उन्हें रोली का टीका लगाकर मुंह मीठा कराया। विदेशी महिलाओं को चूड़िया

बूंदी महोत्सव में विविध मनोहारी कार्यक्रमों का दौर जारी रहा।

पहनाई गई और मेंहदी से हाथ सजाए गए, जिससे वे फूली न समाई। विदेशी मेहमान इस मान मनुहार से बहुत अभिभूत नजर आए और इस आयोजन को सराहते रहे।

कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने कच्छी घोडी नृत्य और अन्य नृत्य गीतों से समा बांधा। विदेशी सैलानी लोक कलाकारों के साथ थिरकते दिखे।

इस दौरान कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बूंदी जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की छवि को दर्शाया गया है। बूंदी ब्रश अध्यक्ष सुनील जांगिड पंकज सिसोदिया, वाइल्डलाइफ से पप्पू लाल कुमावत, विजय सिंह विवेक सहित अन्य चित्रकारों ने चित्रकारी की। इस अवसर पर इंटेक संस्थान संयोजक राजकुमार दाधीच, संस्कृति संस्था अध्यक्ष शालिनी विजय , मिथिलेश दाधीच, पुरुषोत्तम पारीक, के.सी.वर्मा, शालिनी विजय, अशोक शर्मा तलवास, दिनेश विजयवर्गीय आदि मौजूद रहे

सार-समाचार

लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई

अंता, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अंता इकाई द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती को नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाया। नगर मंत्री अंशुल नागर ने बताया कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई व लोक माता अहिल्यादेवी जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी लक्ष्मीबाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। वही स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक राजेश गौतम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए रानी लक्ष्मीबाई लोकमाता अहिल्या देवी होलकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने अहिल्याबाई होलकर को साहस, शक्ति ,धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि देवी अहिल्या बाई राजमाता भी थी, परंतु उनका परिचय लोकमाता पुण्यश्लोक है, क्योकि उनके जीवन मे पुण्य कर्मों के अतिरिक्त कुछ भी नही है। प्रधानाचार्य मनसा मीणा ने कहा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। वे कभी आपत्तियों से नहीं घबराई, कभी कोई प्रलोभन उन्हें अपने कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सका अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वास से भरी रहीं। वही विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक प्रवीण शर्मा द्वारा संगठनात्मक जानकारी दी गई और छात्राओं को विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपना योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत मे नगर सह मंत्री अहाना गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर सह मंत्री अहाना गोस्वामी के नेतृत्व में कॉलेज इकाई द्वारा राजकीय महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई।

वन विभाग को चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा

रावतभाटा, (निसं)। ग्राम पंचायत बाडोलिया के मजरा ग्राम नागणी गांव में वन विभाग के मुकुंदरा हिल्स द्वारा खेतों पर जाने वाले रास्ता, शमशान घाट में जाने का रास्ता बंद कर रहे हैं, वन विभाग द्वारा गांव नागणी को बाउंड्री वॉल करके गांव को मुकुंदरा हिल्स में लेने की कोशिश की जा रही हैं व बाउंड्री वॉल किया जा रहा हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों व भाजपा नेताओं के द्वारा रावतभाटा उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया को वन विभाग को चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की नागणी गांव का आमजन का रास्ता व खेतों में जाने का रास्ता, शमशान घाट में जाने का रास्ता 3 दिवस के अंदर-अंदर जो बाउंड्री वॉल की नीम खोदी गई है, उसको बंद करके ग्राम नागणी को बाउंड्री वॉल से मुक्त कराया जाए व काम बंद कराया जाएगा अन्यथा ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सरपंच कालीबाई मीणा, कमलेंद्र सिंह हाडा, राधेश्याम गुप्ता, सरपंच ममता भील, हेमराज मीणा, पहलवान मीणा, नरेश मीणा, दिनेश मेघवाल, गीसा लाल, कंवर लाल, चतुर्भुज, देवराज मेघवाल, रामकुमार मीणा, रणजीत मेघवाल, प्रभु नाथ, छोटू लाल मीणा, ईश्वरलाल, कालूराम, विजस, मुकेश मीणा, विष्णु, फूलचंद, राजू मीणा, रमेश, गंगाराम, भंवरलाल, घनश्याम, रघुनाथ, रामनिवास, किशन, दीनदयाल व ग्रामीणों एवं भाजपा नेताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

बून्दी (निसं)। राज्य में चल रही राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना आरडब्लयूएसएलआईपी-जेआईसीए अंतर्गत दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम बून्दी व बारां जिलों में आयोजित किया जा रहा है। उपनिदेशक उद्यान राधेश्याम मीणा ने बताया कि इस भ्रमण कार्यक्रम में जापान के अधिकारी तथा देश के और राज्यों के 28 अधिकारियों द्वारा हिस्सा लिया गया। उन्होने बताया कि इस योजनान्तर्गत जिले के नीम का खेड़ा ग्राम में एफआईजी का गठन किया गया था। कृषकों को मार्केट सर्वे, उन्नत उद्यानिकी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया जिससे उन्हें आमदनी बढ़ाने के नये अवसर मिले जो इस योजना का मूल है। नीम का खेड़ा ग्राम के कृषकों द्वारा कृषि फसलों से उद्यानिकी फसलों का उत्पादन कर आय में बढ़ोतरी की गई है। उन्होने बताया कि 20 नवम्बर को बारां जिले के आमलवाड़ा ग्राम में भ्रमण आयोजित किया जाएगा। कोटा संभाग में पिछले वर्ष इस योजनान्तर्गत 1612 सौर ऊर्जा संयंत्र, 189 प्याज भंडारण ईकाई, 102 खेत तलाई तथा 3327 वर्मी कम्पोस्ट ईकाईयां स्थापित की गई है। साथ ही 8641 हैक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रीप व मिनी स्प्रिंकलर स्थापित किए गए है। पानी की बचत को सुनिश्चित करने के लिए 1232.65 किमी सिंचाई पाइपलाइन कृषकों के खेतों पर स्थापितकी गई है।

कार्यशाला आयोजित

मांगरोल (निसं)। कस्बे में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मांगरोल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नगर मंडल अध्यक्ष पीयूष विजय के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में संगठन पर्व कार्यशाला की बैठक सांवरिया मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुई जिसमें पार्टी की पहली ईकाई बूथ अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रभारी बनाऐ गये मंडल प्रभारी प्रवीण शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई आगामी 30 नवंबर तक सभी बूथों के अध्यक्षो के चुनाव संपन्न करने के दिशा निर्देश दिये कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संजय गालव ने किया इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पारेता, चेयरमेन ओम नागर, पूर्व प्रधान प्रेमशंकर गालव, पूर्व चैयरमेन अमित चौपडा, पूर्व वाईस चेयरमेन अब्दूल रजाक, हरिओम गालव,अशोक चौरसिया, मोहम्मद अश्फाक, योगेश गौतम, भाजपा युवामोर्च अध्यक्ष भरत चौरसिया, शम्भू महाराज, हरीशंकर बैरवा, मांगीलाल गोस्वामी, , रामचरण प्रजापति समेत बडी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

रामगंजमण्डी (निसं)। शहर में भी देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दौरान समरावता गांव में हुई घटना की निष्पक्ष जांच और नरेश मीणा की रिहाई की मांग को लेकर मंगलवार को रामगंजमंडी में मीणा समाज ने आक्रोश रैली निकाली। इससे पूर्व समाजबंधु सुकेत रोड़ स्थित मीणा छात्रावास में एकत्रित हुए और वहाँ से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे।जहां उन्होंने अपनी मुख्य मांगोंनरेश मीणा को जल्द से जल्द रिहा करने,पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में बंद युवाओं की सूची जारी करने और उन्हें तुरंत छोडने के साथ समरावता गांव में शांति बनाए रखने के लिए सभी पक्षों के साथ न्यायपूर